पत्नी की शिकायत, पति बना कातिल

छेड़छाड़ का बदला लेने के लिए टांगी से की थी बल्लू यादव की हत्या, चितरंगी पुलिस की सफलता

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 अगस्त। चितरंगी थाना पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने खुलासा किया कि मृतक द्वारा आरोपी की पत्नी से कथित छेड़छाड़ किए जाने से नाराज पति ने पत्नी के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से टांगी से वार कर हत्या की थी।

एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए खुलासे एवं गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की थी। एसपी ने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुये अंधी हत्या गुत्थी को सुलझाने का दावा करते हुये बताया कि 30 जुलाई को परसौना निवासी बल्लू यादव उम्र 24 वर्ष भैस चराकर घर लौटा, दूध देकर वापस आया और परिजनों से यह कहकर निकला कि उसे नंदे चाचा ने बुलाया है। देर रात करीब 8 बजे उसके चाचा ने सूचना दी कि गेहुआरी टोला भड़होर के पास सड़क किनारे बल्लू का शव खून से लथपथ पड़ा है। उसके चेहरे और गर्दन पर धारदार हथियार से गहरे वार के निशान थे। मृतक के पिता संतोष यादव की रिपोर्ट पर थाना चितरंगी में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

मृतक कई बार किया था छेड़खानी

एसपी ने आगे बताया कि घटनास्थल पर थाना प्रभारी सुधेश तिवारी पुलिस बल, एफएसएल यूनिट और डॉग स्क्वॉड के साथ पहुंचे। वैज्ञानिक साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने रामायण कोल उम्र 25 वर्ष एवं उसकी पत्नी प्रियंका कोल उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी भड़होर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में प्रियंका ने बताया कि पति के बाहर रहने के दौरान मृतक बल्लू उससे कई बार कथित रूप से छेड़छाड़ करता था। यह बात उसने अपने पति को बताई थी। इसके बाद दोनों ने योजना बनाकर 30 जुलाई को बल्लू यादव की टांगी से गले पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 31 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

इन अधिकारियों की रही अहम भूमिका

पूरे अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक सियाज केएम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा तथा एसडीओपी ललित बैरागी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक सुधेश तिवारी ने किया। विवेचना और आरोपियों की गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक आरके वर्मा, उमेश तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक रमेश कोल, रमेश साकेत, विशेषर साकेत, सतीश दीक्षित सहित थाना स्टाफ, एफएसएल यूनिट रीवा और डॉग स्क्वॉड रीवा की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से 24 घंटे के भीतर अंधी हत्या का पर्दाफाश हो गया।

सिकल सेल से डरे नहीं, जागरुक बनें : शाह

जिला चिकित्सालय में सिकल कार्ड वितरण, स्वास्थ्य संबंधी दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 अगस्त। जिला चिकित्सालय में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता एवं सिकल कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामनिवास शाह रहे। उन्होंने सिकल सेल से पीड़ित मरीजों को सिकल कार्ड वितरित किए तथा उपस्थित लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। संबोधन में विधायक ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। समय पर जांच, सही उपचार और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से मरीज सामान्य एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सिकल सेल एनीमिया के लक्षण, बचाव, उपचार और नियमित जांच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, आरजेडी डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह परिहार, सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह, सिविल सर्जन डॉ. कल्पना रवि, डीपीएम सुधांशु मिश्रा, डॉ. राजेश, वार्ड पार्षद संतोष शाह सहित अन्य मौजूद रहे।

विधायक ने बच्चों को उचित पोषण, मातृ स्नेह पर दिया बल

आज विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर पोषण पुनर्वास केन्द्र, बैढ़न में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामनिवास शाह ने सहभागिता कर नन्हे शिशुओं एवं बच्चों से मुलाकात की तथा उन्हें बिस्किट, चॉकलेट एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित कर स्नेह व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने महिलाओं से संवाद करते हुए शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, संतुलित पोषण एवं जन्म के बाद प्रारंभिक छः माह तक केवल स्तनपान के महत्व पर चर्चा की। स्वस्थ माँ और स्वस्थ शिशु ही स्वस्थ समाज एवं सशक्त राष्ट्र की आधारशिला हैं। विश्व स्तनपान सप्ताह हमें यह संदेश देता है कि प्रत्येक बच्चे को जीवन की बेहतर शुरुआत के लिए उचित पोषण, मातृ स्नेह और स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

एक नजर में

नगवा शिव मंदिर में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

सिंगरौली। जिले के नगवा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चोरी की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण मंदिर परिसर पहुंच गए तथा धार्मिक स्थल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए चोरी का शीघ्र खुलासा करने की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ककरी क्षेत्र में दिव्यांग जांच एवं सहायता शिविर आयोजित

सिंगरौली। एनसीएल के ककरी क्षेत्र द्वारा शनिवार को सीएसआर के अंतर्गत जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र सिंगरौली के साथ हुए एमओयू के तहत दिव्यांग जांच एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से पात्र एवं जरूरतमंद दिव्यांगजनों की पहचान कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया संचालित की गई। शिविर में लगभग 40 दिव्यांगजन शामिल हुए। विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत 12 पात्र लाभार्थियों की पहचान की गई।

आरक्षक प्रभात दुबे होंगे सम्मानित

सिंगरौली। सड़क दुर्घटना में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले थाना जियावन में पदस्थ डायल 112 के आरक्षक प्रभात कुमार दुबे को सम्मानित किया जाएगा। एसपी सियाज केएम ने उनके सराहनीय कार्य के लिए 500 रूपये का नगद पुरस्कार प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार 24 जून को जियावन क्षेत्र में हुए सड़क हादसे की सूचना मिलते ही आरक्षक प्रभात दुबे तत्काल मौके पर पहुंचे और राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को शासकीय अस्पताल देवसर पहुंचाया। चिकित्सकों ने एक घायल को मृत घोषित किया, जबकि दूसरे घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय बैढ़न रिफर किया गया।

गाय से टकराई बाइक, दंपत्ति समेत दो मासूम घायल

सिंगरौली। रौंदी क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात सड़क पर अचानक गाय आ जाने से एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार मलगा निवासी सुखदेव सिंह उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चे घायल हो गए। परिवार माड़ा की ओर जा रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही क्षत्रिय कुलावंत संगठन के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे। सबसे पहले विकेश सिंह ने घायलों को अपने निजी वाहन से माड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर उपचार शुरू कराया। इसके बाद रणधीर सिंह, अवनीश सिंह सहित अन्य सदस्य भी अस्पताल पहुंचे और घायलों के उपचार में सहयोग करते रहे।

पुलिस की तत्परता से 14 वर्षीय लापता बालक दस्तयाब

बरगवां। बरगवां थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता 14 वर्षीय नाबालिग बालक को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बालक के लापता होने पर परिजनों की शिकायत के आधार पर थाना बरगवां में अपराध के तहत धारा 137(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सियाज केएम के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पटेल के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने लगातार तलाश अभियान चलाते हुए नाबालिग बालक को ग्राम बाघाडीह क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब कर लिया।

माड़ी जलाशय की नहर क्षतिग्रस्त करने पर एफआईआर दर्ज

हर्राचंदेल पंचायत के सरपंच-सचिव लपेटे में

नवभारत न्यूज

देवसर 1 अगस्त। माड़ी जलाशय की शासकीय सिंचाई नहर को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में ग्राम पंचायत हर्राचंदेल के सरपंच और सचिव के खिलाफ जियावन थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

जल संसाधन विभाग की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस एवं सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कार्रवाई के बाद पंचायत क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जल संसाधन विभाग के अनुसार मामला माड़ी जलाशय की शाखा नहर क्रमांक-2 का है, जिसका निर्माण वर्ष 1978-79 में हुआ था और वर्तमान में इससे सिंचाई की जा रही है। आरोप है कि ग्राम पंचायत ने सड़क निर्माण के दौरान नहर में मिट्टी भरवा दी, जिससे उसका मूल स्वरूप बदल गया और सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति उत्पन्न हो गई। विभाग के उपयंत्री सतेंद्र कुमार बैस एवं रमेश कुमार साहू ने अनुविभागीय अधिकारी रत्ना द्विवेदी के निर्देश पर जियावन थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि ग्राम पंचायत को 17 फरवरी 2025 को निर्धारित शर्तों के साथ एनओसी दी गई थी, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान शर्तों का पालन नहीं किया गया। विभाग ने 22 जून को निर्माण रोकने और नहर को पूर्व स्थिति में बहाल करने का नोटिस जारी किया। 23 जून को स्थल पंचनामा तैयार किया गया तथा 25 जून को एनओसी निरस्त कर दी गई। इसके बावजूद जेसीबी मशीन से निर्माण जारी रखने और नहर को और क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए एनओसी, नोटिस, पंचनामा और अन्य दस्तावेजों के आधार पर बीएनएस की धारा 324(3), 3(5) तथा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुरैल प्राथमिक स्कूल के बाहर जलभराव से बढ़ा खतरा

टूटी पाइपलाइन से घंटों बहता रहा पानी, जिम्मेदारों से तत्काल कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 अगस्त। संकुल केंद्र गन्नई अंतर्गत शा. प्राथमिक शाला पुरैल में अव्यवस्था का गंभीर मामला सामने आया है। स्कूल के बाहर और आसपास हुए भारी जलभराव के कारण छात्र-छात्राओं को जान जोखिम में डालकर पानी के बीच से स्कूल पहुंचना पड़ रहा है।

सामने आए वीडियो और तस्वीरों में विद्यालय के प्रवेश मार्ग पर लबालब पानी भरा दिखाई दे रहा है, जिससे छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूल के समीप जलापूर्ति पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से लंबे समय तक पानी लगातार बहता रहा। बताया जा रहा है कि पाइपलाइन एलएंडटी कंपनी की पेयजल परियोजना से जुड़ी है। समय पर पानी की आपूर्ति बंद नहीं किए जाने के कारण पूरे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन गई। इससे न केवल पेयजल की बर्बादी हुई, बल्कि स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। विद्यालय के सामने जमा पानी के कारण बच्चों को मजबूरी में उसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। पानी के नीचे सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देने से फिसलने या गड्ढे में पैर पड़ने जैसी आशंकाएं बनी हुई हैं। अभिभावकों का कहना है कि किसी अप्रिय घटना से पहले समस्या का समाधान करें। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित एजेंसी से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत, जलापूर्ति नियंत्रित करने तथा स्कूल परिसर के बाहर जमा पानी की शीघ्र निकासी की मांग की है।

विकासखण्ड स्तर पर भी होगी प्रभावी जनसुनवाई

सिंगरौली 1 अगस्त (एनबीएन)। आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जिला स्तरीय जनसुनवाई में दूर-दराज के ग्रामीणों की बढ़ती उपस्थिति को देखते हुए प्रशासन ने विकासखण्ड स्तर पर जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्णय लिया है, ताकि आवेदकों को जिला मुख्यालय न आना पड़े।

एनटीपीसी विंध्याचल के 8 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 1 अगस्त। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में 31 जुलाई को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 8 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए।

सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में लाल बहादुर पटेल अभियंता एसएल पीएस प्रचालन, नरेंद्र सिंह अभियंता, रामेश्वर डोइजोड़ अभियंता, नंदू सरवरे अभियंता, रमाकांत सिंह अभियंता, रामलल्लू पाण्डेय, अधिकारी/एस एल पीएस स्टोर, अजय कुमार राय अधिकारी/एसएल पीएस मानव संसाधन एवं राम ललन, प्रचालक एमजीआर शामिल हैं।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक विंध्याचल किशोर कुमार होता ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा।

सह प्रभारी ने कांग्रेसियों की ली समीक्षा बैठक

सिंगरौली 1 अगस्त (एनबीएन)। म.प्र. कांग्रेस के सह प्रभारी रणविजय सिंह लोचव ने शनिवार को चितरंगी, देवसर और सिहावल विधानसभा क्षेत्रों के जिला प्रभारियों, जिला अध्यक्षों, जिला संगठन महासचिवों, ब्लॉक अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्षों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कनेक्ट सेंटर के माध्यम से भी पदाधिकारी जुड़े।

सिक्योरिटी के सुपरवाइजर पर महिला सफाई कर्मियों का आरोप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 अगस्त। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर सिंगरौली में सेडमैप के अधीन सफाई व्यवस्था का कार्य कर रही सुरभि सिक्योरिटी एजेंसी को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं।

सूत्रों के अनुसार एजेंसी के दो सुपरवाइजर पर महिला सफाई कर्मियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, वेतन कटवाने की धमकी देने तथा नौकरी से निकालने का दबाव बनाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इन आरोपों के बाद सफाई कर्मियों में नाराजगी का माहौल बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि महिला सफाई कर्मियों से छोटी-छोटी बातों पर अभद्र व्यवहार किया जाता है।

विरोध करने पर उन्हें वेतन कटवाने या ड्यूटी से हटाने की चेतावनी दी जाती है। कर्मचारियों का आरोप है कि इस कारण कई महिलाएं डर और दबाव में काम करने को मजबूर हैं तथा खुलकर अपनी बात नहीं रख पा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक सबसे गंभीर आरोप लेबर वार्ड में ड्यूटी लगाने को लेकर लगाए गए हैं। दावा किया जा रहा है कि जिन महिला सफाई कर्मियों की ड्यूटी लेबर वार्ड में लगाई जाती है, उनसे हर महीने दो से तीन हजार रुपये तक कमीशन की मांग की जाती है। आरोप है कि रकम नहीं देने पर उनकी ड्यूटी बदलने, वेतन प्रभावित करने या नौकरी से हटाने की धमकी दी जाती है।

हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि इस कथित वसूली और दबाव की वजह से महिला सफाई कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

एक साल से जरौधी का मिडिल स्कूल अंधेरे में

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 अगस्त। जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जरौधी में पिछले लगभग एक वर्ष से बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने इस गंभीर समस्या को लेकर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता, विद्युत वितरण केंद्र रजमिलान, जिला सिंगरौली को पत्र लिखकर शीघ्र विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि विद्यालय में लंबे समय से बिजली उपलब्ध नहीं है, जिससे लगभग 300 छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं होने से कक्षाओं में पंखे, प्रकाश सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं बंद हैं, जिससे विशेषकर गर्मी और उमस के मौसम में विद्यार्थियों का अध्ययन प्रभावित हो रहा है। प्रधानाध्यापक ने पत्र में स्पष्ट किया है कि विद्यालय में विद्युत व्यवस्था शीघ्र चालू कराई जाए, ताकि छात्रों को राहत मिल सके और शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सके। लंबे समय से समस्या का समाधान नहीं होने पर अभिभावकों और ग्रामीणों में भी नाराजगी देखी जा रही है।

महान एनर्जेन गौवंश पर लगा रहा रिफ्लेक्टिव टेप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 अगस्त। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा बेसहारा एवं आवारा गौवंश को सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से महान एनर्जेन लिमिटेड की सुरक्षा टीम और अदाणी फाउंडेशन की टीम ने एक अभिनव और मानवीय अभियान की शुरुआत की है।

इस पहल के तहत सार्वजनिक सड़कों पर विचरण करने वाली गायों एवं अन्य गौवंश के शरीर पर रिफ्लेक्टिव रेडियम टेप लगाए जा रहे हैं, जिससे रात्रि के समय उनकी दृश्यता बढ़ सके और वाहन चालक उन्हें समय रहते देखकर संभावित दुर्घटनाओं से बच सकें। इस अभियान का शुभारंभ स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं ग्राम पंचायत के सरपंच की सक्रिय सहभागिता में किया गया।

आगामी दिनों में भी इस अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि आसपास के अधिकाधिक क्षेत्रों में विचरण करने वाले बेसहारा गौवंश को रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर सुरक्षित किया जा सके। यह पहल सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के साथ पशु संरक्षण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

कोल इंडिया ने बनाई सेवानिवृत्त कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा

सेवानिवृत्ति कर्मियों के कल्याण के लिए एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया ने बढ़ाए मदद के हाथ

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 अगस्त। एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड सीआईएल ने अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, शिकायत निवारण तथा सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण सुधार लागू किए हैं।

इन पहलों से 4.5 लाख से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देने वाले अपने पूर्व कर्मचारियों के कल्याण के प्रति कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी पुनः रेखांकित करता है।

एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा पहल के तहत कोल माइंस पेंशन योजना के अंतर्गत न्यूनतम मासिक पेंशन को 8 मार्च 2024 से बढ़ाकर 1 हजार कर दिया गया है, जिससे लगभग 40 हजार पेंशनभोगियों को लाभ मिला है।

भविष्य निधि एवं पेंशन वितरण में 3,415.1 करोड़ की वृद्धि

एनसीएल का दावा है कि इन पहलों के व्यापक प्रभाव को दर्शाते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में भविष्य निधि का वितरण 19.5 प्रतिशत बढ़कर 13,608.8 करोड़ हो गया जो पिछले वित्त वर्ष के 11,391.6 करोड़ की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। इसी अवधि में पेंशन वितरण 22.9 प्रतिशत बढ़कर 6,427 करोड़ हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 5,229.1 करोड़ था। इस प्रकार वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भविष्य निधि एवं पेंशन वितरण में कुल 3,415.1 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई। यह अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वित्तीय सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं तथा संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराने के प्रति सीआईएल की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी अपने सूचीबद्ध अवकाश गृहों की सुविधाएं भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपलब्ध कराती है, जिससे उनके समग्र कल्याण एवं सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा मिलता है।